एक उज्जवल भविष्य की ओर : भारत की जी 20 अध्यक्षता और एक नए बहुपक्षवाद की शुरुआत

नरेन्द्र मोदी-प्रधानमंत्री

भारत द्वारा जी 20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के आज 365 दिन पूरे हो गए हैं। यह वसुधैव कुटुंबकम की भावना को प्रतिबिंबित करने, इसके लिए पुनः प्रतिबद्ध होने और इसे जीवंत बनाने का क्षण है। जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा था, कोविड-19 महामारी से उबरने का प्रयासए बढ़ते जलवायु खतरे, वित्तीय अस्थिरता और विकासशील देशों में ऋण संकट जैसी चुनौतियां दुनिया के सामने थीं। इसके अलावा कमजोर होता मल्टीलैटरलइज्म यानी बहुपक्षवाद इन चुनौतियों को और गंभीर बना रहा था। बढ़ते हुए संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के बीचए विभिन्न देशों में परस्पर सहयोग की भावना में कमी आई और इसका प्रभाव वैश्विक प्रगति पर पड़ा। जी 20 का अध्यक्ष बनने के बादए भारत ने दुनिया के सामने जीडीपी केंद्रित सोच से आगे बढ़कर मानव केंद्रित प्रगति का विजन प्रस्तुत किया। भारत ने दुनिया को यह याद दिलाने प्रयास किया कि कौन सी चीजें हमें जोड़ती हैं। हमारा फोकस इस बात पर नहीं था कि कौन सी चीजें हमें विभाजित करती हैं। अंततः भारत के इन प्रयासों का परिणाम आया, वैश्विक संवाद आगे बढ़ा और कुछ देशों के सीमित हितों के ऊपर कई देशों की आकांक्षाओं को महत्व दिया गया। जैसा कि हम जानते हैं, इसके लिए बहुपक्षवाद में मूलभूत सुधार की आवश्यकता थी। समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई, उन्मुख और निर्णायक ये चार शब्द जी 20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के दृष्टिकोण को परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन एनडीएलडी जिसे सभी जी 20 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया है, इन सिद्धांतों पर कार्य करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समावेश की भावना हमारी अध्यक्षता के केंद्र में रही है। जी 20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ एयू को शामिल करने से 55 अफ्रीकी देशों को इस समूह में जगह मिली है, जिससे इसका विस्तार वैश्विक आबादी के 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस सक्रिय कदम से वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर जी 20 में विस्तार से बातचीत को बढ़ावा मिला है।भारत द्वारा अपनी तरह की पहली बैठक वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट ने बहुपक्षवाद की एक नई शुरुआत की। इस बैठक के दो संस्करण आयोजित हुए। भारत अंतर्राष्ट्रीय विमर्श में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने में सफल रहा। इससे एक ऐसे युग की शुरुआत हुई है, जहां विकासशील देशों को ग्लोबल नरैटिव की दिशा तय करने का उचित अवसर प्राप्त होगा। समावेशिता की वजह से ही जी 20 में भारत के घरेलू दृष्टिकोण का भी प्रभाव दिखा। इस आयोजन ने लोक अध्यक्षता का स्वरूप ले लियाए जोकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की दृष्टि से बिल्कुल सही था। जनभागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम सेए जी20 1.4 बिलियन नागरिकों तक पहुंचा और इस प्रक्रिया में सभी राज्यों एवं केन्द्र.शासित प्रदेशों यूटी को भागीदार के रूप में शामिल किया गया। भारत ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्य विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान जी20 के दायित्वों के अनुरूप विकास के व्यापक लक्ष्यों की ओर हो। 2030 के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए भारत ने सतत विकास लक्ष्य एसडीजी में तेजी लाने के लिए जी 20 का 2023 एक्शन प्लान पेश किया। इसके लिए भारत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता सहित परस्पर जुड़े मुद्दों पर एक व्यापक एक्शन ओरिएंटेड दृष्टिकोण अपनाया। इस प्रगति को संचालित करने वाला एक प्रमुख क्षेत्र मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर है। इस मामले में आधारए यूपीआई और डिजिलॉकर जैसे डिजिटल इनोवेशन के क्रांतिकारी प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने वाले भारत ने निर्णायक सिफारिशें दीं। जी20 के माध्यम से हमने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी को सफलतापूर्वक पूरा किया जोकि वैश्विक तकनीकी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। कुल 16 देशों के 50 से अधिक डीपीआई को शामिल करने वाली यह रिपॉजिटरी, समावेशी विकास की शक्ति का लाभ उठाने के लिए ग्लोबल साउथ को डीपीआई का निर्माण करने, उसे अपनाने और व्यापक बनाने में मदद करेगी। नई दिल्ली घोषणापत्र में महिला पुरुष समानता को केंद्र में रखा गया, जिसकी परिणति अगले वर्ष महिलाओं के सशक्तिकरण पर एक विशेष वर्किंग ग्रुप के गठन के रूप में होगी। भारत का महिला आरक्षण विधेयक 2023, जिसमें भारत की लोकसभा और राज्य विधानसभा की एक तिहाई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है, महिलाओं के नेतृत्व में विकास के प्रति हमारी वचनबद्धता का प्रतीक है। नई दिल्ली घोषणापत्र इन प्रमुख प्राथमिकताओं में सहयोग सुनिश्चित करने की एक नई भावना का प्रतीक है, जो नीतिगत स्पष्टता, विश्वसनीय व्यापार, और महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई पर केंद्रित है। यह बड़े गर्व की बात है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान जी20 ने 87 परिणाम हासिल किए और 118 दस्तावेज अपनाए जो अतीत की तुलना में उल्लेखनीय रूप से काफी अधिक है। जी20 की हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने जियो पॉलिटिकल मुद्दों और आर्थिक प्रगति एवं विकास पर उनके प्रभावों पर व्यापक विचार विमर्श की अगुवाई की। आतंकवाद और नागरिकों की हत्या पूरी तरह से अस्वीकार्य है और हमें जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर इससे निपटना चाहिए। हमें शत्रुता से परे जाकर मानवतावाद को अपनाना होगा और यह दोहराना होगा कि यह युद्ध का युग नहीं है। मुझे अत्यंत खुशी है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने असाधारण उपलब्धियां हासिल कीं, इसने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की, विकास की हिमायत की और हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी। अब जबकि हम जी20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं, तो हम इस विश्वास के साथ ऐसा कर रहे हैं कि समस्त लोगों, धरती, शांति और समृद्धि के लिए हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में निरंतर सुनाई देती रहेगी।

सौर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति

मुम्बई। वारी एनर्जीज लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने अमेरिका में एक्सियोना एनर्जिया की निर्माणाधीन परियोजनाओं के लिए 850 मेगावाट के सौर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति की । एक्सियोना एनर्जियाए स्पेन की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी है जो अमेरिका में 1 गीगावॉट भी अधिक सौर, पवन ऊर्जा और औद्योगिक पैमाने पर ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का संचालित करती है। इन कंपनियों ने तीन साल के समझौते की भी घोषणा की जिसमें वारी अमेरिकी बाजार के लिए एक प्रमुख प्रदाता 2024-2026 से अतिरिक्त अमेरिकी परियोजनाओं के लिए एक्सियोना को 1.5 गीगावॉट सौर मॉड्यूल की आपूर्ति करेगी ।

एक्सिस बैंक और एयर इंडिया ने की भागीदारी

मुम्बई। एक्सिस बैंक और एयर इंडिया ने एक साझेदारी की है, जिसके तहत एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को अपने एक्सिस एज रिवार्ड पॉइंट या एज मील को एयर इंडिया फ्लाइंग रिटर्न्स पॉइंट में रूपांतरित करने में मदद मिलेगी। एक्सिस एज रिवार्ड पॉइंट या एयर इंडिया फ्लाइंग रिटर्न पॉइंट में परिवर्तित एज मील को पांच महाद्वीपों में फैले एयर इंडिया के बढ़ते रूट नेटवर्क पर केबिन अपग्रेड या अवार्ड फ्लाइट के लिए भुनाया जा सकता है। ग्राहक एयर इंडिया के साथ-साथ फ्लाइंग रिटर्न्स की 25 अन्य साझेदार एयरलाइनों पर भी अवार्ड फ्लाइट को भुना सकते हैं।

एडवेंचर टूर ऑल न्यू हिमालयन को लॉन्च

नई दिल्ली। रॉयल एनफील्ड ने ब्रांड के सबसे बड़े मोटरसाइकिल फेस्टिवल मोटोवर्स 2023 में अपने एडवेंचर टूररए ऑल न्यू हिमालयन का लॉन्च कियाए जो क्षमता और उपयोगिता का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। यह हर सड़क पर और बिना सड़क के चलने के लिए बनाई गई है। इस महीने ईआईसीएमए 2023 में अनावरण के बाद ऑल न्यू हिमालयन आज से भारत में रिटेल बिक्री और बुकिंग के लिए उपलब्ध हो गईए और मार्च 2024 से पूरे यूरोप में मिलने लगेगी। भारत में हिमालयन 31 दिसंबर तक आईएनआर 269000 के विशेष प्रारंभिक मूल्य में मिलेगी। ऑल न्यू हिमालयन 3 अलग अलग वैरिएंट बेस, पास और समिट तथा हिमालय से प्रेरित 5 रंगों, काजा ब्राउन बेस वैरिएंट स्लेट सीरीज में पॉपी ब्लू और हिमालयन साल्ट पास मिड वैरिएंट और हैनले ब्लैक एंड कामेट व्हाइट समिट टॉप वैरिएंट में उपलब्ध होगी।

व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी का शुभारम्भ

चंडीगढ़। टाटा मोटर्स ने यहां अपनी चौथी रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी आरवीएसएफ का शुभारंभ किया है। कंपनी ने पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। इस फैसिलिटी का नाम रीसाइकल विद रेस्पेक्ट् है, जिसका अनावरण टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेश चंद्रा ने किया। यह अत्याधुनिक फैसिलिटी पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं को अपनाती है और हर साल सुरक्षित एवं स्थायी तरीके से ऐसे 12000 वाहनों को डिसेम्बल कर सकती है, जिनका जीवन खत्म हो गया हो। आरवीएसएफ का विकास और परिचालन टाटा मोटर्स की पार्टनर दादा ट्रेडिंग कंपनी करती है और यहाँ यात्री एवं वाणिज्यिक, दोनों वाहनों को स्क्रैप करने की क्षमता है, चाहे उनका ब्राण्ड कुछ भी हो।

बारिश ने बढ़ाई महंगाई, बढ़े आलू और चावल के दाम

नई दिल्ली। सर्दी के मौसम में मैदानी इलाकों में रुक-रुक हो रही हल्की-फुल्की बारिश चावल और आलू के लिए भारी तबाही का काम कर रही है। इसकी वजह से चावल और आलू की खेती में बाधा हो रही है और ये दोनों ही भारतीय किचन का अभिन्न अंग हैं, जिसकी वजह से इनकी कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। बीते कुछ महीनों में इनके दाम काफी बढ़ चुके हैं। बारिश से पैदा हो रही बाधा के चलते आलू और चावल की कीमतों में 12 प्रतिशत तक का इजाफा देखा गया है। सरकार ने चावल की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए देश से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर 20 जुलाई से प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन बारिश की वजह से चावल के दाम दक्षिण भारत में विशेष तौर पर 15 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। कर्नाटक में रुक-रुक हो रही बारिश ने जहां खरीफकी फसल में चावल की पैदावार को कम किया है। इसकी वजह से दक्षिण भारत में चावल की डिमांड और बढ़ गई है जबकि अक्टूबर और नवंबर में हुई बारिश की वजह से आलू की फसल बाजार में नहीं आ पाई है। इसकी वजह से पुराने आलू के स्टॉक की कीमतें बढ़ रही है। आम तौर पर दिवाली के आसपास बाजार में नया आलू दस्तक दे देता है। बारिश की वजह से दक्षिण भारत में चावल की सप्लाई में कमी आई है, जिसकी वजह से उन्होंने उत्तर भारत से चावल खरीदना शुरू कर दिया है। दक्षिण भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल से चावल की खरीद कर रहे हैं। इसकी वजह से पूरे देश में चावल की कीमतें बढ़ रही हैं। बासमती चावल भी महंगा हो रहा है। पश्चिमी एशियाई यानी खाड़ी देशों में इसकर मांग बढ़ने से देश से इसका एक्सपोर्ट बढ़ा है, जिसकी वजह से बासमती चावलों की कीमत में 10 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। भारत में सर्दियों के मौसम में हो रही बारिश की बड़ी वजह प्रशांत महासागर में अल-निनो की स्थिति का बनना है। इसकी वजह से कीमतों में बढ़त का रुझान अगले तीन से चार महीने तक देखे जाने का अनुमान है। इसका असर अब अप्रैल 2024 में नई फसल के आने बाद ही कम होने की संभावना है।

यूके संयंत्र में बनेंगे शत प्रतिशत ईवी मॉडल

नई दिल्ली। निसान बहुत ही तेज़ी से शून्य उत्सर्जन के अपने दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है और इसके लिए कंपनी ने यह घोषणा की है कि यूके संयंत्र में बनने वाले सभी तीनों मॉडल पूरी तरह यानी 100 फीसदी इलेक्ट्रिक वर्ज़न में पेश किए जाएंगे। आज की घोषणा का मतलब है कि भविष्य के विनिर्माण के ब्लूप्रिंट, सुंदरलैंडमें स्थित ईवी36ज़ीरो हब में तीन इलेक्ट्रिकवाहन ईवी तीन गीगाफैक्ट्री और 3 अरब पाउंट का निवेश शामिल होंगे। यह निसान के 7000 यूके कर्मचारी और यूके सप्लाई चेन के माध्यम मिलने वाली 30000 नौकरियों के लिए खुशखबरी है। इस परिवर्तनकारी प्रोजेक्ट में न सिर्फ निसान की प्रमुख गाड़ियों कशकाई और ज्यूक क्रॉसओवर्स के पूरी तरह इलेक्ट्रिक वर्ज़न शामिल होंगी, बल्कि निसान ने आज पुष्टि भी की है कि यूके उत्पादन के लिए तय किया गया तीसरा वाहन निसान लीफहोगा।

स्कोडा की कुशाक और स्लाविया का एलिगेंस एडिशन पेश

नई दिल्ली। कुशाक और स्लाविया में कई नए और सेगमेंट में पहली बार शानदार फीचर्स पेश करने के तुरंत बाद स्कोडा ऑटो इंडिया ने इन दोनों कारों के एक नए खास वर्जन को लॉन्च करने की घोषणा की है। एलिगेंस एडीशन नाम की दोनों कारों का उत्पानदन सीमित मात्रा में किया जाएगा। ये कारें खासतौर पर 1.5 टीएसआई इंजन के साथ उपलब्धं होंगी। इस बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र सॉल्कर ने कहा कुशाक और स्लाविया का एलिगेंस एडीशन एक लिमिडेट एडीशन के रूप में लॉन्च किया जाएगा कुशाक और स्लाविया के क्लासिक ब्लैक कलर की जोरदार मांग देखने को मिली है। हम अपने प्रोडक्ट्स ग्राहकों की रुचि और पसंद को ध्यान में रखते हुए बनाते हैं।

एलिएक्सिस एक्जीक्यूटिव कमेटी में अरविंद शामिल

मुम्बई। एलिएक्सिस ने अपनी एक्जिक्यूटिव कमिटी में अरविंद चंद्रा को शामिल किया है। एलिएक्सिस इंडिया आशीर्वाद पाइप्स के नए डिविजनल सीईओ के तौर पर वह सीईओ एरिक ओल्सन को रिपोर्ट करेंगे। एलिएक्सिस के सीईओ एरिक ऑलसन ने कहा अरविंद चंद्रा के गतिशील नेतृत्व में हम अपने भारतीय व्यवसाय के अगले चरण को लेकर उत्साहित हैं। अरविंद का विभिन्न उद्योगों में विकास और मुनाफे को बढ़ाने का 30 सालों का प्रभावशाली वैश्विक रिकॉर्ड है। आने वाले वर्षों में भारत एलिएक्सिस के लिए एक उच्च विकास वाला बाजार है।

लखनऊ नगर निगम
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, फोन-फैक्स-0522-2612639
ई-टेण्डर पोर्टल- www.etender.up.nic.in

निविदा सू0सं0:192/मु0अ0/23-24
दिनांक : 29/11/2023

"शुद्धि पत्र"

कृपया 15वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत वायुगुणवत्ता सुधार के दृष्टिगत विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ई-निविदा नोटिस सं0 176/मु0अ0/2023-24, दिनांक 08.11.2023 द्वारा विभिन्न कार्यो 176(1)/मु0अ0/23-24, 176(2)/मु0अ0/23-24, 176(3)/मु0अ0/23-24, 176(4)/मु0अ0/23-24, 176(5)/मु0अ0/23-24, 176(6)/मु0अ0/23-24, 176(7)/मु0अ0/23-24 एवं 176(8)/मु0अ0/23-24 की दिनांक 25.11.2023 को ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी जिनकी तिथि को अपरिहार्य कारणों से दिनांक 01.12.2023 तक विस्तारित की गयी थी जिसे पुनः अपरिहार्य कारणों से दिनांक 12.12.2023 तक विस्तारित की जाती है।

अन्य समस्त नियम व शर्तें पूर्व की भाँति रहेगी।

मुख्य अभियन्ता
लखनऊ नगर निगम

प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन में फैक्टरी गतिविधियां घटी

नयी दिल्ली। चीन में नवंबर में फैक्ट्ररी गतिविधि में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई है। चीनी विनिर्माताओं के एक आधिकारिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक नवंबर में गिरकर 49.4 पर आ गया, जो अक्टूबर के 49.5 था। सूचकांक में 100 में से 50 से नीचे का आंकड़ा विनिर्माण गतिविधि में संकुचन, जबकि 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार को दर्शाता है। सूचकांक पिछले आठ महीनों में से सात बार गिरा है, केवल सितंबर में इसमें वृद्धि हुई थी। वैश्विक महामारी के बाद लंबे समय तक कमजोर पड़ी अर्थव्यवस्था के करीब पांच प्रतिशत वार्षिक गति से बढ़ने की उम्मीद है। कैपिटल इकोनॉमिक्स की शीना यू और जूलियन इवांस-प्रिचर्ड ने एक पत्र में लिखा कि नवीनतम सर्वेक्षण भावनात्मक प्रभावों के कारण मंदी की सीमा को बढ़ा-चढ़ाकर दर्शा रहे हैं। अक्टूबर में यही स्थिति सामने आई, हालांकि आंकड़े उतने खराब नहीं थे, जितना पीएमआई ने अनुमान लगाया था। सरकार ने हाल के महीनों में बंदरगाहों तथा अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण पर खर्च बढ़ाया है। ब्याज दरों में कटौती की है और घर-खरीद पर अंकुश कम किए हैं। चीन के नीति सलाहकारों ने अर्थव्यवस्था को फिर बहाल करने के लिए और भी मजबूत प्रोत्साहन उपायों का आह्वान किया है।

फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर ने सपाट शुरुआत के बाद की वापसी

नई दिल्ली। फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज (फेडफिना) के शेयर ने गुरुवार को सपाट शुरुआत की, हालांकि जल्द ही वापसी कर ली। शेयर 140 रुपये के निर्गम मूल्य से करीब दो प्रतिशत की गिरावट के साथ बाजार में सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 1.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 137.75 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। हालांकि बाद में 5.35 प्रतिशत के उछाल के साथ 147.50 रुपये पर पहुंच गए। एनएसई पर शेयर ने 1.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 138 रुपये पर शुरुआत की। बाद में वापसी करते हुए यह 147.50 रुपये पर पहुंच गए। कंपनी का शुरुआती कारोबार में बाजार मूल्यांकन 5,377.55 करोड़ रुपये रहा। फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज (फेडफिना) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन 2.2 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 133-140 रुपये प्रति शेयर रखा गया था।

मासिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

सीतापुर। विकास खण्ड रामपुर मथुरा के प्राथमिक विद्यालय विवेकपुर मे टाइम एण्ड मोसन के अनुसार मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पटेल की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर हुई। तत्पश्चात पिछले बैठक की पृष्ठभूमि पर संक्षिप्त चर्चा की गई और अकादमिक प्रयासों की शेयरिंग पर चर्चाएं भी हुई। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को शत प्रतिशत उपस्थित और छात्र, छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति एवं ससमय विद्यालय को निपुण बनाने तथा कायाकल्प के अंतर्गत सभी विद्यालयों को निर्धारित पैरा मीटर से संतृप्त और निपुण लक्ष्य ऐप से नियमित असेसमेंट करने लिए सभी को प्रेरित किया। साथ ही रेडीनेस प्रोग्राम क्या है, निपुण भारत मिशन में अंतर्गत क्लास रूम ट्रांजक्सन के 10 पैरा मीटर, शिक्षक संदर्शिका, पाठ योजना, टीएलएम, प्रिंटरिच मटेरियलएबाल केंद्रित शिक्षा, ग्रुप एक्टिवविटीज, पीयर लर्निंग, होमवर्क, रिमिडियल टीचिंग, लेखन कार्य, निपुण तालिका पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को विद्यालय को निपुण बनाने के लिए समुदाय का सहयोग और विद्यालय के प्रति उनका जुड़ाव सुनिश्चित करने, शत प्रतिशत डीबीटी का कार्य करने को सभी शिक्षकों को प्रेरित किया गयाद्य साथ ही निपुण टूल किट और गणित किट में प्राप्त 11 प्रकार के टीएलएम का कक्षा शिक्षण में प्रयोग किया जाए। एआरपी चन्दन शर्मा ने सभी शिक्षकों से विद्यालय मे नियमित निपुण असेसमेंट व शिक्षक डायरी का प्रयोग करने के बारे कहा अंत मे प्राथमिक विद्यालय विवेकपुर की प्रधानाध्यापिका ललिता यादव के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं का आभार प्रकट किया गया। बैठक मे राजमन यादव, आशुतोष पाण्डेय, रिचा श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, विनायक मिश्रा, राजकुमार मौर्या, लालजी यादव, गिरीश रस्तोगी, सरिता मौर्य, शशि त्रिवेदी, ज्योति दूमिर सहित ब्लाक के अन्य सभी प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

ICICI Home Finance
कारपोरेट कार्यालयः—आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट) मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालयः-तीसरी मंजिल, प्लाट नं०-सी-03, सैक्टर ई, इंजीनियरिंग कॉलेज रोड, सैक्टर बी, जानकीपुरम, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226021

(देखें-नियम-8(6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहाँ है तथा जो भी वहाँ है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सहकर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	पूजा देवी (कर्जदार) आयुष त्रिपाठी (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHLUC00001464635 LHLUC00001464637	रहीमनगर स्थित ददौली वार्ड फैजुल्लागंज मिडिल क्लास ख नं०-80 लखनऊ उत्तर प्रदेश 226020	रू. 30,25,398/- 23 नवम्बर 2023	रू. 21,91,374/- रू. 2,19,140/-	11 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	19 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** के वेबसाइट (**URL Link-/https://BestAuctionDeal.com**) हमारी एक्शन एजेंसी टाइगर पर संचालित की जायेगी/ बंधक कर्ताओं को **18 दिसम्बर,2023** तथा **अपराह्न-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।

अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लाट नं०-सी-03, सैक्टर ई, इंजीनियरिंग कॉलेज रोड, सैक्टर बी, जानकीपुरम, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226021** पर **18 दिसम्बर,2023** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 04.00** बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड तीसरी मंजिल, प्लाट नं०-सी-03, सैक्टर ई, इंजीनियरिंग कॉलेज रोड, सैक्टर बी, जानकीपुरम, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226021** पर **18 दिसम्बर,2023** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड -आक्शन के पक्ष में लखनऊ में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड**- स्थान **लखनऊ** के नाम होना चाहिये।

निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **022-69974300** पर सम्पर्क करे **व सेल्स और मार्केटिंग प्रिण्टर नेक्सन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड।**

अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तो हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांकः 01 दिसम्बर 2023
स्थानः लखनऊ।

अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड

सूचना

मेरे डी.एल.न. बी 2275 / Lko/30-6-89 में गलती से नाम भगवान सिंह अंकित है। जबकि सही नाम शिव भवन सिंह है दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। मेरे डी.एल में सही नाम अंकित किया जाए। शिव भवन सिंह पुत्र बासदेव सिंह निवासी एस-11, ट्रांसपोर्ट नगर कानपुर रोड, लखनऊ

सूचना

मेरे पासपोर्ट पर मेरी जन्मतिथि त्रुटिवश 10.05.1981 अंकित हो गयी है जो कि गलत है जबकि वास्तविक जन्मतिथि 01.01.1981 है। महताब बानो पत्नी मोहम्मद फहीम पता- 332 / 134, चौक रोड तहसीन की मस्जिद, लखनऊ

सूचना

मैं अपने पुत्र मोहम्मद सलमान पुत्र उस्मान को गलत आचरण व चाल चलन ठीक ना होने के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं । भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य या लेनदेन की जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की नहीं होगी । और ना ही किसी प्रकार की लेनदेन की कोई जिम्मेदारी होगी। उस्मान पुत्र इस्लाम निवासी- ग्राम व पोस्ट बकहुंवा बाजार ,तहसील महमूदाबाद जिला- सीतापुर उत्तर प्रदेश

सूचना पत्र (अ)

विभाग उत्तर प्रदेशीय बोर्ड माल, लखनऊ न्यायालय, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ

वाद संख्याः REV 2015 वर्षः 2011-12 जिला सीतापुर
पाधा सिंह निगरानीकर्ता बनाम मालती देवी आदि प्रतिवादी।
वादग्रस्त गाटा संख्या

1. श्रीमती माल्ती देवी 2 श्रीमती जयदेवी पत्नी पुरूषोत्तम 3. श्री/श्रीमती रघुनाथ सिंह पुत्र/पुत्री/पत्नी जगतू सिंह 4. ग्राम पंचायत, निवासी ग्राम बरेती तहसील लहरपुर परगना/पो0 तम्बौर जिला सीतापुर आपको यह सूचना दी जाती है कि दि0 05 मास दिसम्बर वर्ष 2023 समय दस बजे दिन निगरानी वाद की सुनवाई हेतु नियत है यदि आप उक्त दिवस पर स्वतः अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित न रहेंगे तो वाद की सुनवाई करके आपकी अनुपस्थिति में निर्णय कर दिया जायेगा।

कृते रजिस्ट्रार

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** कालीमाटी रोड

वर्ष-35 संख्या-12254
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

सूचना

मेरा नाम पी.एन.बी. मेट लाइफ में Neeraj और मेरी जन्मतिथि 01.01.1981 त्रुटिवश अंकित हो गई है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम Neeraj Dwividi और जन्मतिथि 01.01.1984 है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना लिखा व पढ़ा जाये। Neeraj Dwividi पत्नी Sanjay Kumar Dwivedi Vill- Kekaranpar Rasoolpur Bhandara, Fatehpur UP 212660

इंडिया एनर्जी वीक का आयोजन अगले वर्ष

नई दिल्ली। इंडिया एनर्जी वीक आईईडब्ल्यू के दूसरे संस्करण का आयोजन 6 से 9 फरवरी तक गोवा में होगा। इसकी मेज़बानी भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम एफआईपीआई, उद्योग द्वारा की जाएगी। इंडिया एनर्जी वीक एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करता है, जो उद्योग विशेषज्ञोंए नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और उद्यमियों के बीच सार्थक चर्चा, ज्ञान के आदान प्रदान और सहभागिता को बढ़ावा देने पर आधारित है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के इन्वेस्टिंग ऐप का विस्तार

मुम्बई। अमेज़न डॉट कॉम कंपनी अमेज़न वेब सर्विसेज एडब्लूएस ने आज घोषणा की कि भारत में अग्रणी इन्वेस्टमेंट सेवा प्रदाताओं में से एकए एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने अपना नया मोबाईल ट्रेडिंग ऐस एचडीएफसी स्काई का लॉन्च दुनिया के सबसे विस्तृत और व्यापक क्लाउड पर कर दिया है। एचडीएफसी स्काई विश्व में 75 मिलियन ग्राहकों और सभी एचडीएफसी ग्रुप कंपनियों, निवेशकों और ट्रेडर्स को सेवाएं देता है और शेयरए कमोडिटीज़, फ्यूचर्स, करेंसीज़, इनिशियल पब्लिक आफरिंग्स आईपीओ, म्यूचुअल फंड्स एवं एक्सचेंज, ट्रेडेड फंड्स की यूज़र फ्रेंडली ट्रेडिंग संभव बनाता है।

जोखिम प्रबंधन की अभिनव प्रथाओं की शुरुआत

मुंबई। व्यापार की गुणवत्ता को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ एडलवाइस टोकियो लाइफ ने धोखाधड़ी वाली प्रथाओं का सक्रिय रूप से पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए पूरे संगठन में जोखिम सचेत संस्कृति को चलाने सहित अभिनव जोखिम प्रबंधन प्रथाओं की शुरुआत की है। सुभ्रजीत मुखोपाध्याय, कार्यकारी निदेशक, एडेलवाइस टोकियो लाइफइंश्योरेंस ने कहा धोखेबाज़ी की घटनाएँ व्यापार के साथ साथ ग्राहक के लिए भी हानिकारक होती हैं। इनका व्यापक प्रभाव उत्पाद मूल्यनिर्धारण, बोनस भुगतान, दावा निपटान आदि पर पड़ता है। एक संगठन के रूप में हम धोखाधड़ी से लड़ने के अपने प्रयासों में सक्रिय रहना चाहते थे।

कार्यालय नगर निगम, प्रयागराज

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर निगम, प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 15.12.2023 को अपरान्ह 03.00 बजे निविदा आमंत्रित की जाती है उक्त निविदा समिति के समक्ष दिनांक 15.12.2023 को निविदा खोली जायेगी। निविदा हेतु वांछित दो प्रतिशत जमानत धनराशि को NEFT/RTGS के माध्यम से इण्डसइण्ड बैंक सिविल लाइन्स, प्रयागराज में Earnest Money के नाम से खोले गये खाता संख्या 100116210062 व IFSC CODE-INDB0000124 में जमा किया जा सकता है अथवा दो प्रतिशत जमानत की धनराशि को एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में (जो अधिशासी अभियंता, नगर निगम प्रयागराज के नाम बंधक होगी) निविदा साथ अपलोड करने पर भी मान्य होगा। निविदा शुल्क को NEFT/RTGS के माध्यम से Tender Cost खाता संख्या 100116210130 व IFSC CODE-INDB0000124 में जमा करना अनिवार्य होगा, निविदा किसी भी समय बिना कारण बतायें निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी नगर निगम प्रयागराज में निहित होगा तथा बिल के साथ नियमानुसार जी0एस0टी0 का भुगतान किया जायेगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू0-लाख में जी0एस0टी रहित	जमानत धनराशि रू0 लाख में	निविदा फीस (18% जी0एस0टी सहित)	कार्यवधि
1	Selection of agency for beautification and renovation work of Ghnta Ghar Chowk in prayagraj	57.02	1.15	6726/-	120 day
2	Selection of agency for structual Strenthning renovation and facelifting of prayagraj municipal corporation main building phase-1	915.00	18.00	11800/-	365 day
3	Renovation upgradation in upper primary school kydganj under operation kaya kalp	185.35	3.70	11800/-	120 Day
4	अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत अंदावा स्थित तालाब की डिसिल्टिंग, जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	298.71 (With GST)	6.00	11800/-	150 Day

नोट-निविदा से संबंधित पत्राजात आदि ई-निविदा के वेबसाइड e-tenderup.nic.in पर अपलोड की जा रही है।

पत्रांक सं0डी0-2855/ज0सम्प0अधि0/2023 **दिनांक-30/11/2023**

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, प्रयागराज